01. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा। सीजेपी ने अपना आंदोलन वापस लिया।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सौ दिन पूरे। मुख्यमंत्री ने ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे अपने त्याग पत्र में श्री प्रधान ने कहा कि पिछले दस दिन की घटनाओं से उनका मन व्यथित था। उन्होंने कहा कि इस्तीफा उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और युवाओं को भ्रम के कुचक्र में नहीं फंसने देंगे। श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने त्यागपत्र इस लिए दिया ताकि जंतर–मंतर और देश में जो वर्तमान स्थिति बनी है उसका राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ न उठा सकें। त्यागपत्र में श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, विश्वास और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

---

इस्तीफे के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का दस साल का सार्वजनिक जीवन विद्यार्थी कल्याण के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने श्री धर्मेंद्र प्रधान को उनकी अथक सेवा और सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता तथा मजबूत भारत के निर्माण में योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सीजेपी ने आंदोलन वापस लेने की औपचारिक घोषणा कर दी है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और जितेन्द्र सिंह की मौजूदगी में सीजेपी के प्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार की ओर से जे.पी. नड्डा ने बताया कि आंदोलनकारियों की उचित मांगों को मान लिया गया है।

——साउंड बाइट——

मौके पर सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि हम अच्छी नियत से आंदोलन वापसी का ऐलान करते हैं। सीजेपी के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनकारियों से जंतर–मंतर समेत सभी स्थानों से शांतिपूर्वक वापस लौटने की अपील की।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

वामपंथी छात्र संगठनों की ओर से आज बिहार बंद का आह्वान किया गया था। कांग्रेस और राजद समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने भी बंद को अपना समर्थन दिया था। बंद के मद्देनजर राज्यभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। इस दौरान सभी संवेदनशील स्थानों, रेलवे स्टेशनों और सरकारी प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और क्विक रिस्पांस टीम तैनात रही। राजधानी पटना में अर्धसैनिक बलों की कई कंपनियां तैनात थी। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिला मुख्यालयों में छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ स्थानों पर प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिस के बीच झड़पे हुईं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ–साथ पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृतव में एनडीए सरकार के सौ दिन आज पूरे हो गए। पटना के बीआईटी मेसरा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविरों के माध्यम से जनता की समस्याओं को बड़े पैमाने पर निपटाया जा रहा है।

——साउंड बाइट——

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्यारह हजार चार सौ चौंसठ करोड़ रुपये की लागत की दो हजार चार सौ छिहत्तर विकास योजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन

किया। इन योजनाओं से राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, उद्योग, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और रोजगार के क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी।

————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृतव में राज्य सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिखाए मार्ग पर ही सरकार राज्य को आगे ले जाने का कार्य कर रही है।

——साउंड बाइट——

————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार ने इन सौ दिनों में साफ नियत और स्पष्ट निति के माध्यम से प्रगति के नये आयाम तय किये हैं।

——साउंड बाइट——

कार्यक्रम में मंत्रिपरिषद के कई सदस्य, विधायक, विधान पार्षद और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

————————————————————

मुख्यमंत्री ने आज पटना के लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक भवन का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार सरकार राज्यवासियों को आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार स्वास्थ्य संरचनाओं को और अधिक सुदृढ़ कर रही है।

——साउंड बाइट——

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने वेटनरी कॉलेज परिसर मे मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ई–बस सेवा के तहत एसी और नॉन एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम दो हजार छब्बीस के प्रतिभागियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार सौ से अधिक युवा प्रतिभागी प्रधानमंत्री से बातचीत करेंगे।

---

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा, राजद और जनसुराज समेत विभिन्न दलों ने प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। इसी सिलसिले में एनडीए की ओर से मंदिरी क्षेत्र के काठपुल ईलाके में जनसभा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की जीत तय है। सभा को जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय झा, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मंत्री रामकृपाल यादव समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इधर, राजद और जनसुराज के प्रत्याशियों ने भी सघन जनसंपर्क अभियान चलाया।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज

हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात हो सकता है।

––साउंड बाइट––

विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, वैशाली, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी और दरभंगा समेत कई जिलों में तेज बारिश रिकॉर्ड की गयी। पटना के फुलवारीशरीफ में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा हुई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––

ग्लास्गो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में बिहार के झंडू कुमार ने भारत को पहला पदक दिलाकर पूरे देश में उत्साह का वातावरण बना दिया है। झंडू ने पैरा पावरलिफ्टिंग की पुरुष हैवीवेट स्पर्धा में एक सौ नब्बे किलोग्राम भार उठाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। झंडू कुमार नालंदा के रहने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरा एथलीट झंडू कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

––––––––––––––––––––––––––––––––

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के पास एक यात्री बस और टैंकलॉरी की टक्कर में बस पर सवार बाईस लोग घायल हो गए।

––––––––––––––––––––––––––––––––

लखीसराय जिला समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व और भूमि सुधार विभाग के वसेरा–टू अभियान के तहत दस चयनित लाभुकों को भूमि का पर्चा प्रदान किया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––

कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को पोर्टल पर पंजीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––

सुपौल के जिलाधिकारी और सिविल सर्जन ने टीबी मरीजों के बीच पोषण सामग्रियों का वितरण किया।

––––––––––––––––––––––––––––––––

बांका के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर आज कांवरिया पथ पर बाल मजदूरी उन्नमूलन अभियान के तहत छापेमारी की गयी। इस दौरान विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों, ढाबा और होटल का निरीक्षण किया गया।

———————————————————————

जहानाबाद के घोसी प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। स्थानीय विधायक रितु राज कुमार ने इस विधानसभा क्षेत्र में दस और अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया।

———————————————————————

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव कराये जा रहे हैं। सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर अनील सुलभ ने आज अपना नाम दाखिल किया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड के महाराजगंज स्थित एक गोदाम में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारित उर्वरक को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया है।

———————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने विभिन्न मामलों में अभियुक्त बीस लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान भारी मात्रा में नेपाली और विदेशी शराब, मादक पदार्थ और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गए हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा। सीजेपी ने अपना आंदोलन वापस लिया।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सौ दिन पूरे। मुख्यमंत्री ने ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।